# Rajasthan Geography 2025

## Most Most Questions

### राजस्थान की सभी प्रतयिोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी

Telegram चैनल ज्वॉइन करें

अन्य किसी भी प्रकार की PDF's के लिए गूगल सर्च करें या क्लिक करें
Google
rajasthanclasses.in

YouTube पर ऑनलाइन क्लासेज भी देखें

**1. भीखाभाई सागवाड़ा नहर राजस्थान की किस नदी से जल प्राप्त करती है-**
(1) चम्बल (2) जाखम
(3) माही ✓ (4) गम्भीर

**2. सोम-कमला-अम्बा परियोजना से कौनसा जिला लाभांवित होता है।**
(1) टोंक (2) डुंगरपुर ✓
(3) भीलवाड़ा (4) झालावाड़

**3. राजस्थान की वह प्रथम सिंचाई परियोजना जिसमें जल संरक्षण हेतु फव्वारा सिंचाई पद्धति को अपनाया गया है –**
(1) यमुना जल सिंचाई परियोजना
(2) नर्मदा नहर परियोजना ✓
(3) सिद्धमुख नोहर परियोजना
(4) भीखाभाई सागवाड़ा नहर परियोजना

**4. 'सावन-भादो सिंचाई परियोजना' राजस्थान के कौनसे जिले में स्थित है-**
(1) बूंदी (2) उदयपुर
(3) कोटा ✓ (4) जोधपुर

**5. इंदिरा गांधी नहर के अंतिम छोर तक जल पहुंचाने वाली शाखा का क्या नाम हैं ?**
(1) बाबा रामदेव शाखा ✓ (2) कंवरसेन शाखा
(3) कुंभाराम शाखा (4) गजनेर शाखा

**6. मरूस्थल में 'बुझ झील' का निर्माण कौनसी नदी करती है –**
(1) काँतली (2) घग्घर
(3) काँकनेय ✓ (4) लूणी

**7. राजस्थान का कौनसा बांध ग्रेनाइट बांध कहलाता है-**
(1) जवाई बांध ✓ (2) राणा प्रताप
(3) बंध बरैठा (4) पिचियाक बांध

**8. राजस्थान का कौनसा क्षेत्र अकाल व सूखे से सर्वाधिक प्रभावित रहता है-**
(1) पर्वतीय (2) मैदानी
(3) मरूस्थलीय ✓ (4) पठारी

**9. किस वर्ष के अकाल को छप्पनियां अकाल कहा जाता है-**
(1)1899 ✓ (2)1856
(3)1842 (4)1949

**10. राजस्थान की जल विभाजक रेखा है –**
(1) मुकुन्दवाड़ा की पहाड़ियां (2) विन्ध्यचल पर्वत श्रेणी
(3) अरावली पर्वत श्रेणी ✓ (4) मालाणी पर्वत श्रृंखला

**11. राजस्थान के कितने प्रतिशत भू-भाग पर आंतरिक जल प्रवाह प्रणाली का विस्तार हैं –**
(1) 35 प्रतिशत (2) 65 प्रतिशत
(3) 60 प्रतिशत ✓ (4) 38 प्रतिशत

**12. अक्षांश व देशान्तर के अनुसार राजस्थान की स्थिति है।**
(1) उत्तर – पश्चिमी (2) उत्तरी – पूर्वी ✓
(3) उत्तर – दक्षिणी (4) पूर्वी – पश्चिमी

**13. जालौर शहर किस नदी के तट पर स्थित है।**
(1) लीलड़ी (2) मीठड़ी
(3) सूकड़ी ✓ (4) जोजड़ी

**14. राजस्थान का प्रथम तेल कुआं है।**
(1) ऐश्वर्या (2) मंगला ✓
(3) विजया (4) सरस्वती

**15. जिप्सीफेरस मिट्टी किस जिले में पाई जाती है।**
(1) जैसलमेर (2) सीकर
(3) कोटा (4) बीकानेर ✓

**16. श्रीगंगानगर जिले के सम्बन्ध में असंगत है।**
(1) राजस्थान में यहां सर्वाधिक आंधियाँ चलती है।
(2) यह राजस्थान में नहरों द्वारा न्यूनतम सिंचाई करने वाला जिला है। ✓
(3) यहां सांई रोजेक्स व रेवेरिना मिट्टी पाई जाती है।
(4) 19 फरवरी 2015 को मृदा स्वास्थ्य कार्ड श्रीगंगानगर जिले से शुरू किया गया था।

**17. लूनेट क्या है ?**
(1) पथरीला मरूस्थल
(2) दक्षिणी राजस्थान में पाई जाने वाली घास
(3) आकार में बड़े बरखान
(4) खारे पानी की झीलो के समीप बनने वाले बालूका स्तूप ✓

**18. कूबड़पट्टी क्षेत्र विस्तृत है।**
(1) नागौर – पाली में (2) पाली – जालौर में
(3) नागौर – अजमेर में ✓ (4) नागौर – बीकानेर में

**19. असंगत युग्म है-**

| वन्य जीव अभ्यारण्य | | सम्बन्धित जिला |
|---|---|---|
| (1) सीतामाता अभयारण्य | – | प्रतापगढ़ |
| (2) सज्जनगढ़ अभयारण्य | – | उदयपुर |
| (3) केसरबाग अभयारण्य | – | सिरोही ✓ |
| (4) तालछापर अभयारण्य | – | चुरू |

**20. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण से सम्बन्धित असंगत युग्म है -**

| जलवायु | | क्षेत्र |
|---|---|---|
| (1) Bwhw | - | जैसलमेर, बीकानेर |
| (2) Bshw | - | बाड़मेर, जोधपुर |
| (3) Cwg | - | भीलवाड़ा, दौसा |
| (4) Aw | - | टोंक ✓ |

**21. थॉर्नवेट के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिले की जलवायु है।**

(1) DB'w✓ (2) EA'd
(3) DA'w (4) CA' w

**22. मावठ क्या है ?**

(1) शीत ऋतु में होने वाली वर्षा ✓
(2) ग्रीष्म ऋतु में होने वाली वर्षा
(3) पेरू व चिल्ली के तट पर ठण्डी जलधारा
(4) पेरू की ठण्डी जलधारा

**23. मानसून का प्रवेश द्वार किसे कहा जाता है।**

(1) डूंगरपुर (2) बांसवाड़ा✓
(3) झालावाड़ (4) चितौड़गढ़

**24. आंतरिक अपवाह तंत्र की सबसे छोटी नदी है।**

(1) कांतली नदी (2) काकनेय नदी✓
(3) रूपनगढ़ नदी (4) मेंथा नदी

**25. निम्बार्क संप्रदाय का प्रमुख केन्द्र सलेमाबाद किस नदी के किनारे स्थित है।**

(1) खारी नदी (2) रूपनगढ़ नदी✓
(3) मेथा नदी (4) मसूरदी नदी

**26. जोजरी नदी का उद्‌गम स्थल है**

(1) बीछामेड़ा की पहाड़िया (2) बेंगू की पहाड़िया
(3) पोण्डलु की पहाड़ियाँ✓ (4) हरिपुरा की पहाड़िया

**27. असंगत युग्म है।**

| जल प्रताप | सम्बन्धित जिला |
|---|---|
| (1) चूलिया जल - प्रपात | - चितौड़गढ़ |
| (2) चश्मा - ए - नूर जल प्रपात | - टोंक✓ |
| (3) भीमलत जल प्रपात | - बूंदी |
| (4) भील बेरी झरना | - पाली |

**28. 'बाबा का भांगड़ा'' व प्यारी नामक टापू किस झील में स्थित है-**

(1) पिछोला झील (2) आनासागर झील
(3) जयसमंद झील✓ (4) राजसमंद झील

**29. असंगत युग्म है-**

| झील | | सम्बन्धित जिला |
|---|---|---|
| (1) कायलाना झील | - | जोधपुर |
| (2) गढ़ीसर झील | - | जैसलमेर |
| (3) सीलीसेढ़ झील | - | कोटा✓ |
| (4) गैबसागर | - | डूँगरपुर |

**30. मानसून पैलेस किसे कहते हैं ?**

(1) उम्मेद भवन पैलेस (2) चन्द्रमहल पैलेस
(3) सज्जनगढ़ पैलेस✓ (4) अजीत भवन पैलेस

**31. नेहरू उद्यान व सौर वेधशाला किस झील में स्थित है ?**

(1) फॉयसागर झील (2) फतेहसागर झील✓
(3) उदयसागर झील (4) राजसमंद झील

**32. उदयपुर में स्थित झील जिसका निर्माण आयड़ नदी का जल रोककर करवाया गया था।**

(1) पिछोला झील (2) स्वरूप सागर झील
(3) उदय सागर झील✓ (4) राजसमंद झील

**33. सुभाष उद्यान किस झील के किनारे स्थित है ?**

(1) पिछोला झील (2) कोलायत झील
(3) आनासागर झील✓ (4) जयसमंद झील

**34. मंदिरों का अजायबघर कौन-सी झील कहलाती है ?**

(1) नक्की झील (2) कोलायत झील
(3) पुष्कर झील✓ (4) आनासागर झील

**35. राजस्थान का नंदन कानन किसे कहते है।**

(1) सिलीसेढ़ झील✓ (2) फॉयसागर झील
(3) पुष्कर झील (4) फतेहसागर झील

**36. कोलायत झील के सम्बंध में असंगत है ?**

(1) इसका निर्माण सांख्य दर्शन प्रणेता कपिलमुनि द्वारा करवाया गया था।
(2) इसे मरूस्थल का सुन्दर मरू उद्यान कहते है।
(3) यहां भाद्रपद पूर्णिमा को मेला भरता है। ✓
(4) यहां दीपदान की प्रक्रिया होती है।

**37. घेवर माता का मंदिर किस झील के किनारे स्थित है-**

(1) राजसमंद झील✓ (2) जयसमंद झील
(3) पिछोला झील (4) उदयसागर झील

**38. कर्नल जेम्स टॉड ने राजस्थान की किस खारे पानी की झील का उल्लेख किया है ?**

(1) रेवासा झील✓ (2) सांभर झील
(3) पचपदरा झील (4) डीडवाना झील

**39. किस झील में खारवाल जाति के लोग मोरली झाड़ी का प्रयोग कर नमक उत्पादन करते है।**

(1) पचपदरा झील✓ (2) डीडवाना झील
(3) सांभर झील (4) कावोद झील

**40. निम्न में से रबी की फसल नहीं है ?**

(1) मसुर (2) अलसी
(3) उड़द✓ (4) तारामीरा

**41. असंगत युग्म हैं-**

| | |
|---|---|
| (1) सेरी कल्चर | रेशम पालन |
| (2) विटी कल्चर | सब्जी उत्पादन✓ |
| (3) पिसी कल्चर | मछली उत्पादन |
| (4) ऐपीकल्चर | मधुमक्खी पालन |

**42. असंगत युग्म है-**

| | |
|---|---|
| (1) धूसर क्रांति | सीमेंट उत्पादन |
| (2) रजत क्रांति | अण्डा उत्पादन |
| (3) नीली क्रांति | मच्छली उत्पादन |
| (4) पीली क्रांति | मसाला उत्पादन✓ |

**43. राजस्थान में पहली दूध डेयरी कहा स्थापित की थी।**

(1) ब्यावर (अजमेर)✓ (2) पुष्कर (अजमेर)
(3) रानीवाड़ा (जालौर) (4) सांचौर (जालौर)

**44. राजस्थान का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है-**

(1) केशवानन्द कृषि विश्वविद्यालय (बीकानेर)✓
(2) महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर
(3) नरेन्द्र सिंह कृषि विश्वविद्यालय जयपुर
(4) कृषि विश्व विद्यालय मण्डोर

**45. राजस्थान में पहली कृषि नीति कब जारी की गई थी-**

(1) 2010 (2) 2011
(3) 2012 (4) 2013✓

**46. जैतून रिफाइनरी किस जिले में स्थित है ?**

(1) बीकानेर✓ (2) सीकर
(3) भरतपुर (4) अलवर

**47. असंगत युग्म है-**

(1) कपास - सफेद सोना (2) अफीम - काला सोना
(3) हो होबा - हरा सोना✓ (4) मूंगफली - गरीब की बादाम

**48. काजरी की स्थापना कब की गई थी।**
(1) 1955 (2) 1959✓
(3) 1965 (4) 1969

**49. आदिवासियों का 'हरा सोना' कहलाता है-**
(1) महुआ (2) बांस✓
(3) पलाश (4) धोकड़ा

**50. दौसा जिले का शुंभकर है।**
(1) राजहंस (2) खरगोश✓
(3) कृष्णमृग (4) कुरजां

**51. राजस्थान की चौथी बाघ परियोजना कहां प्रारम्भ की गई ?**
(1) कुंभलगढ़ वन्य जीव अभयारण्य
(2) रामगढ़ विषधारी वन्य जीव अभयारण्य✓
(3) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान
(4) सरिस्का बाघ परियोजना

**52. राजस्थान की सबसे बड़ी पेयजल परियोजना है -**
(1) जवाई बांध परियोजना (2) बीसलपुर परियोजना ✓
(3) नवनेरा परियोजना (4) कागदी पिकअप परियोजना

**53. गोठ - मांगलोद, भदवासी तथा धकेरिया किस खनिज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ?**
(1) जिप्सम✓ (2) रॉक सल्फेट
(3) अभ्रक (4) बेंटोनाइट

**54. राजपुरा - दरीबा किस खनिज उत्पादन हेतु प्रसिद्ध है ?**
(1) तांबा (2) सीसा - जस्ता✓
(3) ग्रेनाईट (4) चांदी

**55. कुंभलगढ़ दुर्ग किस पहाड़ी पर स्थित है ?**
(1) मच्छली मगरा (2) घोनिया डूंगर
(3) बांसदरा पहाड़ी (4) हेमकूट पहाड़ी✓

**56. राजस्थान का पहला जैविक उद्यान है -**
(1) सज्जनगढ़ अभयारण्य✓ (2) नाहरगढ़ जैविक उद्यान
(3) माचिया सफारी पार्क (4) फुलवारी की नाल

**57. उत्तर - पश्चिमी रेलवे जोन का मुख्यालय कहां स्थित है ?**
(1) बीकानेर (2) जोधपुर
(3) जयपुर✓ (4) कोटा

**58. हरे कबूतरों के लिए कौनसा अभयारण्य प्रसिद्ध है ?**
(1) मुकन्दरा हिल्स अभयारण्य
(2) राष्ट्रीय मरू उद्यान
(3) सरिस्का अभयारण्य✓
(4) सीतामाता वन्य जीव अभयारण्य

**59. मोरिजा बानेला क्षेत्र किस खनिज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ?**
(1) चांदी (2) सीसा - जस्ता
(3) लौह - अयस्क✓ (4) तांबा

**60. केसरपुरा की खानें किस खनिज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ?**
(1) सोना (2) चांदी
(3) हीरा✓ (4) लिग्नाईट

**61. निम्न में से जयपुर में स्थित नहीं है ?**
(1) कनक घाटी (2) मावठा तालाब
(3) घूंघरा घाटी ✓ (4) कुलिश स्मृति वन क्षेत्र

**62. राजस्थान में सर्वाधिक पुरुष साक्षरता वाला जिला है -**
(1) जयपुर (2) सीकर
(3) झुंझुनूं ✓ (4) कोटा

**63. वॉलेस्टेनाइट खनिज का उत्पादक क्षेत्र है-**
(1) भैंसलाना (2) ऋषभदेव
(3) रेल मगरा ✓ (4) रेवत भाकरी (डेगाना)

**64. निम्न कथनों पर विचार कीजिए -**
**1. थार मरूस्थल विश्व में सर्वाधिक जैव विविधता वाला मरूस्थल है।**
**2. थार मरूस्थल टेथिस सागर का अवशेष है तथा यह विश्व का चौथा सबसे बड़ा मरूस्थल है।**
**3. थार मरूस्थल का ढ़ाल उत्तर - पूर्व से दक्षिण - पश्चिम की ओर है।**
**4. जोधपुर मरूस्थल का का प्रवेश द्वार कहलाता है।**
**निम्न में से असत्य कथन है -**
(1) केवल 1 व 2 (2) केवल 2✓
(3) केवल 3 (4) केवल 3 व 4

**65. असंगत युग्म है -**
(1) जोहड़ - शेखावाटी क्षेत्र में जल संरक्षण हेतु बनाए गए कच्चे कुएं
(2) बीड़/शेखावाटी क्षेत्र में वर्षा ऋतु में पशुओं के लिए चारागाह क्षेत्र।
(3) नेहड़ - जालौर जिले में लूणी नदी द्वारा सिंचित प्रदेश जहां लवणीय पादपों की अधिकता होती है।
(4) बालसन का उदाहरण - पचपदरा झील✓

**66. निम्न में से तांबा उत्पादक क्षेत्र नहीं है -**
(1) खेतड़ी (2) खो - दरीबा
(3) सलूम्बर, अंजनी (4) तिरंगा क्षेत्र✓

**67. राजस्थान में स्थानान्तरित कृषि को कहा जाता है -**
(1) वालरा✓ (2) खिल
(3) दीप्पा (4) चेना

**68. असंगत युग्म है -**

| **जनजाति** | - | **निवास क्षेत्र** |
|---|---|---|
| (1) सांसी | - | भरतपुर |
| (2) भील | - | उदयपुर |
| (3) गरासिया | - | आबूरोड़, पिण्डवाड़ा (सिरोही) |
| (4) डामोर | - | भीलवाड़ा✓ |

**69. अरावली की चोटियों के सम्बन्ध में सत्य युग्म है -**
(1) रघुनाथगढ़ - सीकर
(2) कमलनाथ - उदयपुर
(3) डोरा पर्वत - जालौर
(4) उपर्युक्त सभी ✓

**70. उदयपुर में स्थित तश्तरीनुमा पहाड़ियाँ कहलाती है -**
(1) देशहरो (2) गिरवा ✓
(3) जरगा (4) मगरा

**71. कन्दरा विकास कार्यक्रम कब प्रारम्भ किया गया था ?**
(1) 1987 (2) 1989✓
(3) 2004 (4) 2006

**72. भारत का प्रथम Geo – Heritage क्षेत्र घोषित किया गया ?**
(1) कुण्डला की पहाड़ियाँ (2) रामगढ़ की पहाड़ियाँ ✓
(3) शाहबाद की पहाड़ियाँ (4) डग - गंगधार का पठार

**73. जयपुर मेट्रो की शुरूआत कब हुई थी ?**
(1) 3 जून, 2015✓ (2) 26 जनवरी, 2015
(3) 15 अगस्त, 2015 (4) 2 अक्टूबर, 2015

**74. कन्जर्वेशन रिजर्व रणखार विख्यात है ?**
(1) जंगली मुर्गों के लिए (2) जंगली गधों के लिए✓
(3) जंगली बिल्लियों के लिए (4) जंगली सूअरों के लिए

**75. राजस्थान का प्रथम रोपवे कहां स्थापित किया गया था ?**
(1) सावित्री मंदिर (पुष्कर)
(2) सुन्धा माता (जालौर)✓
(3) वीर सामोद (जयपुर)
(4) मन्छापूर्णा करणी माता (उदयपुर)

**76. राजस्थान में मानसून पूर्व वर्षा कहलाती है –**
(1) काल वैशाखी (2) दौगड़ा✓
(3) चेरीब्लासम (4) आम्र वर्षा

**77. राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा विषमता वाला जिला है–**
(1) झालावाड़ (2) सिरोही
(3) जैसलमेर ✓ (4) चुरू

**78. भारतीय संस्कृति में परम्परागत हेमंत ऋतु होती है।**
(1) मार्च–अप्रैल (2) जुलाई–अगस्त
(3) नवम्बर–दिसम्बर ✓ (4) जनवरी–फरवरी

**79. बड़ा बाग, देवगढ़, बीठड़ी ( फलौदी ), अमरसागर क्षेत्र किस ऊर्जा के लिए प्रसिद्ध हैं ?**
(1) पवन ऊर्जा ✓ (2) सौर ऊर्जा
(3) तापीय ऊर्जा (4) ज्वारीय ऊर्जा

**80. राजस्थान में देश का पहला भूमिगत गैस बिजलीघर कहां बनाया गया हैं ?**
(1) गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) (2) कवास (बाड़मेर)
(3) मेड़तारोड़ (नागौर) ✓ (4) घोटारू (जैसलमेर)

**81. राज्य का प्रथम सौर ऊर्जा विद्युतीकृत गांव कौनसा हैं –**
(1) खींवसर (2) भड़ला
(3) धुड़सर (4) नया गांव✓

**82. लिग्नाइट पर आधारित प्रथम बिजली घर कहां पर स्थापित किया गया है–**
(1) तिलवाड़ा (2) खेड़
(3) शिव (4) गिरल ✓

**83. निम्न में से असत्य कथन बताइए –**
(1) खेजड़ी वृक्ष पर 1988 में 60 पैसे का डाक टिकट जारी किया
(2) रोहिड़ा को सरकार ने 31 अक्टुबर 1981 को राज्य पुष्प घोषित किया। ✓
(3) गोडावन को 31 मई 1982 को राज्य पक्षी घोषित किया
(4) 12 दिसम्बर 1983 को चिंकारा को राज्य पशु घोषित किया गया

**84. निम्न चोटियों को ऊँचाई के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए–**
**(A) कमलनाथ (B) सायरा (C) खो**
**(D) अचलगढ़ (E) ऋषिकेश (F) सज्जनगढ़**
**सही क्रम है–**
(1) A, B, C, D, E, F (2) D, E, A, F, C, B ✓
(3) D, A, E, B, C, F (4) D, E, F, A, B, C

**85. असंगत युग्म है–**

| **कोपेन जलवायु** | | **वनस्पति** |
|---|---|---|
| (1) AW | – | सवाना प्रकार की वनस्पति |
| (2) BWhw | – | जीरोफाइटस या कंटीली वनस्पति |
| (3) BShw | – | अल्पाइन वनस्पति ✓ |
| (4) Cwg | – | शुष्क मानसूनी / पतझड़ |

**86. असंगत युग्म है–**

| **विशेषता** | **बांध** |
|---|---|
| (1) जल भराव की दृष्टि से राज्य का सबसे बड़ा बांध | – राणा प्रताप सागर बांध |
| (2) केवल सिंचाई सुविधा के लिए निर्मित बांध | – कोटा बैराज बांध |
| (3) राज्य का सबसे बड़ा कंक्रीट बांध | – जवाई बांध ✓ |
| (4) मिट्टी से निर्मित राज्य का सबसे बड़ा बांध | – पांचना बांध |

**87. असंगत युग्म है –**

| **नदी** | | **सहायक नदी** |
|---|---|---|
| (1) लूणी नदी | – | गुहिया नदी |
| (2) बाणगंगा नदी | – | पलासन नदी |
| (3) पश्चिमी बनास | – | कूकड़ी नदी |
| (4) माही नदी | – | बांडी नदी ✓ |

**88. निम्नलिखित में से असत्य कथन है।**
(1) देश में सर्वाधिक खनिज विविधता वाला राज्य राजस्थान है।
(2) राजस्थान भारत के कुल खनिज उत्पादन का 32 % खनिज उत्पादन करता है। ✓
(3) राजस्थान में कोयले का सर्वाधिक भण्डारण एवं उत्पादन बाड़मेर में है।
(4) अभ्रक को खनिजों का बीमार बच्चा कहा जाता है।

**89. निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म है ?**

| **खनिज** | **सम्बन्धित चट्टाने** |
|---|---|
| (1) पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस व कोयला | – अवसादी चट्टाने |
| (2) तांबा, लौहा–अयस्क, सीसा–जस्ता | – धारवाड़ चट्टाने |
| (3) सैण्ड स्टोन, लाल पत्थर व चूना पत्थर | – विध्यन क्रम चट्टाने |

(4) उपर्युक्त सभी ✓

**90. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म है।**

| **मृदा** | | **उपलब्धता क्षेत्र** |
|---|---|---|
| (1) वर्टीसोल्स | – | हाड़ौती क्षेत्र |
| (2) एल्फीसोल्स | – | जयपुर, जोधपुर, चितौड़, करौली |
| (3) इन्सेप्टीसोल्स | – | सिरोही, पाली |
| (4) एन्टीसोल्स | – | उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर ✓ |

**91. रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान के संबंध में असत्य कथन है –**
(1) इसकी स्थापना 1985 में की गई ✓
(2) राजस्थान का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान है।
(3) त्रिनेत्र गणेश मंदिर इसमें स्थित है।
(4) इसे बाघों का घर कहतें है।

**92. 2011 की जनगणना के संबंध में असत्य कथन है।**
(1) जैसलमेर व प्रतापगढ़ जिलों की जनसंख्या एक मिलियन से कम है।
(2) जैसलमेर राजस्थान में न्यूनतम जनसंख्या, न्यूनतम साक्षरता एवं सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला जिला है। ✓
(3) पाली जिले का ग्रामीण लिंगानुपात 1000 से अधिक है।
(4) 50 लाख से अधिक आबादी वाला एकमात्र जिला जयपुर है।

**93. असंगत युग्म है।**
(1) नाली – भेड़ (2) राठी – गाय
(3) सांचौरी – भैंस ✓ (4) शेखावाटी – बकरी

**94. गंगनहर के सम्बन्ध में असत्य कथन है–**
(1) गंगनहर का निर्माण 1927 में करवाया गया था।
(2) इसका निर्माण महाराजा गंगासिंह ने करवाया था।
(3) यह राजस्थान की प्रथम नहर परियोजना है।
(4) इसका उद्गम हरिके बैराज से होता है।✓

**95. निम्न में से कौनसा उपनाम श्रीगंगानगर से संबंधित नहीं है।**
(1) राजस्थान का अन्नागार (2) राजस्थान का पंजाब
(3) राती घाटी✓ (4) धान का कटोरा

**96. निम्न में से किस नदी का उद्गम सेंवर की पहाड़ियों से होता है।**
(1) मेन्था नदी (2) ढूंढ़ नदी
(3) साबी नदी ✓ (4) बाणगंगा नदी

**97. निम्न में से असंगत बताइए –**

| | | |
|---|---|---|
| (1) जापानी पार्क | – | नीमराना (अलवर) |
| (2) सूचना टेक्नोलॉजी पार्क | – | सीतापुरा (जयपुर) |
| (3) एयर कार्गो कॉम्पलेक्स | – | सांगानेर (जयपुर) |
| (4) हार्डवेयर टेक्नोलॉजी पार्क | – | मण्डोर (जोधपुर) ✓ |

**98. स्पिन फैड के सम्बन्ध में असत्य कथन है।**
(1) इसकी स्थापना 1 अप्रैल 1993 को की गई थी।
(2) यह सहकारी सूती वस्त्र मिलों का संघ है।
(3) इसमें गुलाबपुरा स्पिनिंग मिल भी शामिल है।
(4) इसका मुख्यालय उदयपुर में है। ✓

**99. असंगत युग्म है।**
(1) सिरेमिक अनुसंधान व विकास केन्द्र - बीकानेर
(2) परिधान पार्क - जगतपुरा (जयपुर)
(3) ऊन प्रशिक्षण केन्द्र - जयपुर
(4) वूल टेस्टिंग प्रयोगशाला - जयपुर ✓

**100. राजस्थान में विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) कार्यक्रम किसके द्वारा संचालित है।**
(1) रिको ✓ (2) RFC
(3) राजसिको (4) केन्द्र सरकार

**101. असंगत युग्म है-**

| **प्रमुख पठार** | | **सम्बन्धित जिला** |
|---|---|---|
| (1) भोराट का पठार | - | गोगुन्दा पहाड़िया (उदयपुर) से कुभलगढ़ (राजसमंद) के मध्य |
| (2) भोमट का पठार | - | उदयपुर व डुंगरपुर के मध्य |
| (3) कांकण वाड़ी का पठार | - | प्रतापगढ़ से उदयपुर के मध्य ✓ |
| (4) ऊपरमाल का पठार | - | बिजौलिया (भीलवाड़ा) से भैंसरोड़गढ़ (चितौड़गढ़) के मध्य |

**102. ए.एम. हैरोन के अनुसार अरावली का निर्माण देहली महासमूह से हुआ है निम्न में कौनसा समूह इसमें शामिल नहीं है।**
(1) अलवर समूह (2) जयपुर समूह ✓
(3) अजबगढ़ समूह (4) रायलो समूह

**103. 2011 जनगणना के अनुसार न्यूनतम महिला साक्षरता वाला जिला है -**
(1) धौलपुर (2) जालौर ✓
(3) झुंझुनू (4) बाड़मेर

**104. सांभर झील के सम्बन्ध में असत्य कथन है-**
(1) सांभर राजस्थान की सबसे बड़ी व देश की तीसरी बड़ी खारे पानी की झील है।
(2) इस झील से सर्वश्रेष्ठ किस्म का नमक प्राप्त किया जाता है क्योंकि इसमें सोडियम सल्फेट पाया जाता है। ✓
(3) सांभर झील से नमक सांभर लिमिटेड उत्पादित करता है। जो हिन्दुस्तान साल्ट लिमिटेड के अधीन है।
(4) यह झील रामसर साइट में सूचीबद्ध है।

**105. असंगत युग्म है।**

| **प्रसिद्ध तालाब** | | **सम्बन्धित जिला** |
|---|---|---|
| (1) सरेरी तालाब | - | भीलवाड़ा |
| (2) सेठानी जी का जोहड़ा | - | झुंझुनू ✓ |
| (3) शुक्र तालाब | - | नागौर |
| (4) जैतसागर तालाब | - | बूंदी |

**106. असंगत युग्म है।**

| **खनिज** | **उत्पादक क्षेत्र** |
|---|---|
| (1) यूरेनियम - | उमरा (उदयपुर), खंडेला पहाड़ी, रोहीला क्षेत्र (सीकर) |
| (2) थोरियम - | भद्रावन (पाली), सरदारपुरा (भीलवाड़ा) |
| (3) बेरेलियम - | कालागुमान (राजसमंद), जनकपुर (टोंक), सरवाड़ (अजमेर) ✓ |
| (4) सोना - | आनंदपुरा भूकिया एवं जगपुरा भूकिया (बांसवाड़ा) |

**107. असंगत युग्म है-**
(1) सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला - कोटा
(2) न्यूनतम पुरूष साक्षरता वाला जिला - जालौर ✓
(3) सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला - कोटा
(4) न्यूनतम साक्षरता वाला जिला - जालौर

**108. निम्न में से किस खनिज उत्पादन में राजस्थान को एकाधिकार प्राप्त है ?**
(1) सीसा, जस्ता, जिप्सम, चाँदी संगमरमर ✓
(2) मैग्नीज, तांबा, सीसा, जस्ता, सोना
(3) बॉक्साइट, ग्रेनाइट, लिग्नाइट, पेट्रोलियम, मैग्नीज
(4) टंगस्टन, तांबा, चूना पत्थर, मैग्नीज

**109. सुमेलित कीजिए-**

| **वृक्ष** | **वैज्ञानिक नाम** |
|---|---|
| **(1) खेजड़ी** | **(i) प्रोसोपिस सिनेरेरिया** |
| **(2) पलास** | **(ii) ब्यूटिया मोनोस्पर्मा** |
| **(3) रोहिड़ा** | **(iii) टिकोमेला अण्डूलेटा** |
| **(4) महुआ** | **(iv) मधुका लोंगिफोलिया** |

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv ✓ |
| (2) | ii | i | iii | iv |
| (3) | i | iii | iv | ii |
| (4) | i | iv | iii | ii |

**110. निम्न में से कौनसा अभयारण्य राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं उतरप्रदेश राज्यों में विस्तृत है।**
(1) केसरबाग अभयारण्य
(2) भैंसरोड़गढ़ अभयारण्य
(3) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य ✓
(4) सीतामाता वन्य जीव अभयारण्य

**111. राज्य का पहला कुरजां कन्जर्वेशन रिजर्व कहां बनाया गया है ?**
(1) खींचन ✓ (2) सोरसन
(3) रोटू (4) हम्मीरगढ़

**112. सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| **(A) अरावली वृक्षावरण योजना** | **(i) 1986** |
| **(B) मरूस्थल वृक्षावरण** | **(ii) 2009** |
| **(C) रूख भायला योजना** | **(iii) 1992** |
| **(D) हरित राजस्थान योजना** | **(iv) 1978** |

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | iv | i | ii ✓ |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | iv | iii | i | ii |

**113. असंगत युग्म है-**

| **जिला** | | **शुभंकर** |
|---|---|---|
| (1) जालोर | - | भालू |
| (2) डूंगरपुर | - | उदबिलाव ✓ |
| (3) बाड़मेर | - | मरू लोमड़ी |
| (4) राजसमंद | - | भेड़िया |

**114. गौवंश की किस नस्ल का उत्पति स्थल सुहालक प्रदेश है।**
(1) नागौरी ✓ (2) कांकरेज
(3) थारपारकर (4) राठी

**115. असंगत युग्म है-**
(1) राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केन्द्र - जोहड़बीड़ (बीकानेर)
(2) केन्द्रीय भेड़ एवं ऊंन अनुसंधान केन्द्र - अविकानगर (टोंक)
(3) बकरी विकास एवं चारा उत्पादन केन्द्र - तबीजी (अजमेर) ✓
(4) केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान - जोधपुर

**116. निम्नलिखित में से राजस्थान के कौनसे जिले 'BWhw' जलवायु प्रदेश के अंतर्गत आते है ?**

(1) जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर✓ (2) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़
(3) धौलपुर, करौली, भरतपुर (4) जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा

**117. निम्नलिखिता को सुमेलित कीजिए-**

| संगमरमर | राजस्थान में प्राप्ति |
|---|---|
| (A) सफेद मार्बल | 1. ऋषभदेव व गोगुंदा |
| (B) हरा मार्बल | 2. बाबरमाल व देवीमाता |
| (C) गुलाबी मार्बल | 3. भैंसलाणा |
| (D) काला मार्बल | 4. मकराना |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (3) | 4 | 1 | 2 | 3 ✓ |
| (4) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**118. राजस्थान में वनस्पति घी उद्योग का प्रथम कारखाना कहाँ खोला गया था ?**

(1) जयपुर (2) गंगानगर
(3) भीलवाड़ा✓ (4) झालावाड़

**119. पश्चिमी राजस्थान में बहुतायत में उत्पादित किस फसल को 'घोड़ा जीरा' कहा जाता है।**

(1) अफीम (2) सौंफ
(3) तारामीरा (4) ईसबगोल ✓

**120. राजस्थान की उत्तर से दक्षिण तथा पश्चिम से पूर्व तक कितनी लम्बाई हैं।**

(1) 826 किमी., 861 किमी. (2) 862 किमी., 869 किमी.
(3) 896 किमी., 826 किमी. (4) 826 किमी., 869 किमी.✓

**121. असंगत युग्म है -**

| पहाड़ी | - | जिला |
|---|---|---|
| (1) उदयनाथ पहाड़ी | - | अलवर |
| (2) हर्षनाथ पहाड़ी | - | सीकर ✓ |
| (3) आडावाला पर्वत | - | बूंदी |
| (4) जसवन्तपुरा की पहाड़ी | - | जालौर |

**122. निम्न में से कौनसी रेखा, राजस्थान के दक्षिणी भाग से गुजरती है ?**

(1) प्रधान मध्यान्ह रेखा (2) मकर रेखा
(3) कर्क रेखा✓ (4) विषुवत् रेखा

**123. असंगत युग्म को छांटिए -**

| नदी घाटी परियोजना | - | सहयोगी राज्य |
|---|---|---|
| (1) भाखड़ा नांगल | - | पंजाब, हरियाणा, राजस्थान |
| (2) चम्बल | - | मध्यप्रदेश, राजस्थान |
| (3) व्यास | - | पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश ✓ |
| (4) माही बजाज सागर | - | गुजरात, राजस्थान |

**124. कोलायत लिफ्ट नहर का नया नाम क्या है -**

(1) पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट नहर (2) वीर तेजाजी लिफ्ट नहर
(3) डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर ✓ (4) गुरू जम्भेश्वर लिफ्ट नहर

**125. राजस्थान में 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण लिंगानुपात है-**

(1) 933✓ (2) 914
(3) 927 (4) 953

**126. कत्था किस वृक्ष से प्राप्त होता है-**

(1) खैर वृक्ष ✓ (2) धोकड़ा वृक्ष
(3) खस वृक्ष (4) साल वृक्ष

**127. राजस्थान में भालूओं का पहला संरक्षित क्षेत्र कौनसा है-**

(1) सुन्धामाता संरक्षित क्षेत्र✓ (2) शाकम्भरी संरक्षित क्षेत्र
(3) गोगेलाव संरक्षित क्षेत्र (4) रोटू संरक्षित क्षेत्र

**128. राजस्थान में पाईराइट्स के सर्वाधिक भण्डार किस जिले में पाए गए हैं-**

(1) पाली (2) बूंदी
(3) उदयपुर (4) सीकर✓

**129. राजस्थान की सीमाओं का विस्तार उत्तर से दक्षिण तक है-**

(1) कटरा गाँव (गंगानगर) से बोरकुड गाँव (बांसवाड़ा)
(2) कोणा गाँव (गंगानगर) से सिलाना गांव (बांसवाड़ा)
(3) कोणा गाँव (गंगानगर) से बोरकुड गाँव (बांसवाड़ा)✓
(4) कटरा गाँव (गंगानगर) से सिलाना गांव (बांसवाड़ा)

**130. रेगिस्तान का मार्च' किसे कहते है ?**

(1) रेगिस्तान का आगे बढ़ना ✓ (2) रेगिस्तान में मार्च महोत्सव
(3) रेगिस्तान में पेड़-पौधें लगाना (4) मार्च महीना

**131. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-1 (त्रिवेणी संगम) | सूची-2 (नदियाँ) |
|---|---|
| (A) बीगोद | (1) बनास, बेड़च, मेनाल |
| (B) राजमहल | (2) बनास, डाई, खारी |
| (C) रामेश्वर घाट | (3) बनास, चम्बल, सीप |
| (D) बेणेश्वर | (4) सोम, माही, जाखम |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (2) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (3) | 1 | 2 | 3 | 4 ✓ |
| (4) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**132. राजस्थान की सर्वाधिक उपजाऊ मिट्‌टी है।**

(1) इंसेप्टीसोल्स (2) एंटीसोल्स
(3) वर्टीसोल्स✓ (4) एल्फीसोल्स

**133. ''डिकिल्पटेरा आबूएन्सिस'' नामक वृक्ष विश्व में एकमात्र किस अभयारण्य में पाया जाता है ?**

(1) रावली टाडगढ़ अभयारण्य (2) सीतामाता अभयारण्य
(3) आबू अभयारण्य ✓ (4) तालछापर अभयारण्य

**134. राजस्थान में सबसे बड़ी जल विद्युत परियोजना कौनसी है ?**

(1) माही बजाज सागर परियोजना (2) भाखड़ा नाँगल परियोजना
(3) व्यास परियोजना (4) चम्बल घाटी परियोजना✓

**135. राजस्थान का जनसंख्या घनत्व कितना है ?**

(1) 129 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. (2) 160 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.
(3) 200 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी✓ (4) 152 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.

**136. राजस्थान की नवीनतम औद्यौगिक नीति कब जारी की थी ?**

(1) 2010 (2) 2012
(3) 2014 (4) 2019✓

**137. असंगत युग्म है-**

| | | |
|---|---|---|
| (1) जयपुर सीमेंट फैक्ट्री | - | सवाई माधोपुर |
| (2) मंगलम सीमेंट फैक्ट्री | - | मोड़क, कोटा |
| (3) लाफार्ज सीमेंट फैक्ट्री | - | अजमेर✓ |
| (4) एसोसिएट सीमेंट फैक्ट्री | - | लाखेरी, बूंदी |

**138. असंगत युग्म है-**

| | |
|---|---|
| (1) भादरेस सुपर पावर प्लांट | - बाड़मेर |
| (2) कवई सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट | - बांरा |
| (3) दानपुर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट | - कोटा✓ |
| (4) काली सिंध सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट | - झालावाड़ |

**139. गुजरवाड़ा (जयपुर), शिकारबाड़ी (उदयपुर) एवं बांदर-सिंदरी (अजमेर) किस खनिज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ?**

(1) बेंटोनाइट (2) बॉक्साइट
(3) बेरेलियम✓ (4) फेल्सपार

**140. मरूस्थल में पर्वतों के मध्य पाये जाने वाले जलबेसिन या झीलों को कहा जाता है ?**

(1) बालसन ✓ (2) लूनेट

(3) खडीन (4) रन

**141. निम्न में से असत्य कथन है-**

(1) राजस्थान का सबसे बड़ा पवन पार्क जैसलमेर में स्थित है।

(2) राज्य में रेलवे का पहला पवन ऊर्जा संयंत्र कोडियासर (जैसलमेर) में स्थापित किया गया है।

(3) राज्य में पवन ऊर्जा युक्त पहला फ्रिज बालेसर (जोधपुर) में स्थापित किया गया है। ✓

(4) राजस्थान में पवन ऊर्जा में सर्वाधिक योगदान सुजलॉन एनर्जी का है।

**142. निम्न में से गैर परम्परागत ऊर्जा संसाधन नहीं है ?**

(1) सौर ऊर्जा (2) बायो गैस

(3) कोयला ✓ (4) ज्वारिय ऊर्जा

**143. आकल वुड फोसिल्स पार्क का निर्माण किस काल में हुआ ?**

(1) जुरासिक काल ✓ (2) पर्मोकार्बोनिफेरस काल

(3) कार्बोनिफेरस काल (4) उपरोक्त सभी

**144. रामगढ़ की गोलाकार पहाड़िया निम्न में से किस भाग में स्थिति है ?**

(1) शेखावाटी प्रदेश (2) छप्पन का मैदान

(3) हाड़ौती पठार ✓ (4) 56 की पहाड़ियां

**145. राजस्थान में ऊपरमाल का पठार स्थित है-**

(1) माउण्ट आबू - अम्बामाता के बीच

(2) कुम्भलगढ़ - गोगुन्दा के बीच

(3) राजसमन्द - प्रतापगढ़ के बीच

(4) भैंसरोड़गढ़ - बिजोलिया के बीच ✓

**146. निम्न में से असंगत बताइए -**

(1) राजस्थान की प्रथम पवन ऊर्जा परियोजना - अमरसागर

(2) राजस्थान की दूसरी पवन ऊर्जा परियोजना - देवगढ़

(3) राजस्थान की प्रथम गैस परियोजना - रामगढ़

(4) राजस्थान की प्रथम तापीय परियोजना - छबड़ा ✓

**147. असुमेलित युग्म है-**

(1) बैंथली सिंचाई परियोजना - बांरा

(2) चाकन सिंचाई परियोजना - बूंदी

(3) बान्डी - सेन्दड़ा सिंचाई परियोजना - जालौर

(4) सूकली सिंचाई परियोजना - जोधपुर ✓

**148. असंगत युग्म है-**

(1) जालिपा, कपूरड़ी - लिग्नाइट उत्पादक क्षेत्र

(2) मंगला, ऐश्वर्या - बाड़मेर में स्थित तेल कुए

(3) कोसलू, गुढ़ामालाणी - ग्रेनाइट उत्पादक क्षेत्र ✓

(4) पचपदरा - नमक उत्पादन के लिए प्रसिद्ध

**149. माही नदी किन राज्यों में बहती है-**

(1) मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात ✓

(2) गुजरात, उत्तरप्रदेश, राजस्थान

(3) पंजाब, उत्तरप्रदेश, राजस्थान

(4) हरियाणा, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश

**150. प्रदेश का पहला व देश का तीसरा यूरेनियम प्रोजेक्ट कहां स्थापित किया जा रहा है ?**

(1) जगतपुरा, उदयपुर (2) खंडेला, सीकर ✓

(3) तलवाड़ा, बांसवाड़ा (4) जगनेर, भरतपुर

**151. असंगत युग्म है-**

| **बावड़ी** | | **समबधित स्थान** |
|---|---|---|
| (1) दूध बावड़ी | - | माउण्ट आबू (सिरोही) |
| (2) पन्ना मीणा की बावड़ी | - | जयपुर |
| (3) भांडारेज की बावड़ी | - | बूंदी ✓ |
| (4) चांद बावड़ी | - | आभानेरी, दौसा |

**152. राजस्थान में कौनसी फसल खरीफ के मौसम में नहीं बोई जाती हैं -**

(1) चावल (2) बाजरा

(3) मक्का (4) चना ✓

**153. जनगणना-2011 के अनुसार, राजस्थान में किस जिले का ग्रामीण लिंगानुपात सबसे कम है ?**

(1) टोंक (2) धौलपुर ✓

(3) जैसलमेर (4) बाड़मेर

**154. असंगत युग्म है ।**

(1) राज्य गीत - केसरिया बालम

(2) राज्य पुष्प - रोहिड़ा

(3) राज्य वाद्य यंत्र - अलगोजा

(4) राज्य कवि - विजयदान देथा ✓

**155. सुजलोन एनर्जी ग्रुप द्वारा विकसित राज्य का सबसे बड़ा तथा देश का दूसरा सबसे बड़ा विंडपार्क है ।**

(1) देवगढ़ (प्रतापगढ़) (2) फलौदी (जोधपुर)

(3) भड़ला (जोधपुर) (4) बड़ाबाग (जैसलमेर) ✓

**156. निम्न में से असंगत बताइए -**

(1) सीसा-जस्ता का सर्वाधिक उत्पादन - उदयपुर

(2) अभ्रक का सर्वाधिक उत्पादन - भीलवाड़ा

(3) मैंग्नीज का सर्वाधिक उत्पादन - बांसवाड़ा

(4) फ्लोर्सपार का सर्वाधिक उत्पादन - कोटा ✓

**157. सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिये-**

| **सूची-1 ( खनन क्षेत्र )** | **सूची-2 ( खनिज )** |
|---|---|
| **( i ) डेगाना** | **( a ) टंगस्टन** |
| **( ii ) मांडो की पाल** | **( b ) फ्लोर्सपार** |
| **( iii ) झामर कोटड़ा** | **( c ) रॉक फॉस्फेट** |
| **( iv ) गोठ मंगलोद** | **( d ) जिप्सम** |

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | c | d | b | a |
| (2) | b | a | d | c |
| (3) | a | b | c | d ✓ |
| (4) | b | d | a | b |

**158. निम्न में कौनसा वन्य जीव अभयारण्य काले हिरण और कुरजां पक्षी के लिए प्रसिद्ध है-**

(1) सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य

(2) गजनेर वन्यजीव अभयारण्य

(3) सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य

(4) तालछापर वन्यजीव अभयारण्य ✓

**159. निम्न में से रबी की फसल है-**

(1) सौंफ (2) लहसुन

(3) सरसों (4) उक्त सभी ✓

**160. राजस्थान की प्रथम नहर सिंचाई परियोजना है-**

(1) नर्मदा नहर परियोजना

(2) इंदिरा गांधी नहर परियोजना

(3) गंगनहर परियोजना ✓

(4) राजीव गांधी सिद्धमुख नहर परियोजना

**161. पुरवइया ( पुरवाई ) क्या है ?**

(1) बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसूनी हवा ✓

(2) अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवा

(3) ग्रीष्मकाल में चलने वाली प्रचण्ड हवा

(4) शीत ऋतु में चलने वाली मानसूनी हवा

**162. राजस्थान में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला है।**

(1) कोटा (2) डूंगरपुर ✓

(3) भीलवाड़ा (4) जयपुर

**163. निम्न में से कौनसी झील खारे पानी की झील नहीं है ?**

(1) लूणकरणसर झील (2) पिछोला झील ✓

(3) फलौदी झील (4) डीडवाना झील

**164. राजस्थान में सूर्योदय एवं सूर्योस्त दोनों ही सर्वप्रथम एवं सबसे बाद में किस जिलें में होते है ?**

(1) जैसलमेर एवं भरतपुर (2) धौलपुर एवं जैसलमेर ✓

(3) धौलपुर एवं बाड़मेर (4) झालावाड़ एवं बाड़मेर

**165. भारतमाला परियोजना का सम्बन्ध है।**

(1) वायु परिवहन से (2) जल परिवहन से

(3) सड़क परिवहन से ✓ (4) रेल परिवहन से

**166. किस पाइप लाइन के माध्यम से बाड़मेर से कच्चा तेल गुजरात के बंदरगाहों तक भेजा जाता है।**

(1) मंगला-सलाया पाइप लाइन ✓

(2) मानसी-वाकल पाइपलाइन

(3) जामनगर-लोनी पाइप लाइन

(4) एच.बी.जे. पाइपलाइन

**167. निम्न में से असत्य कथन है।**

(1) मिट्टी में लवणीयता की समस्या दूर करने हेतू रॉक फास्फेट का प्रयोग किया जाता है।

(2) मिट्टी में क्षारीयता की समस्या दूर करने हेतु जिप्सम का प्रयोग किया जाता है।

(3) राजस्थान की प्रथम मृदा परीक्षण प्रयोगशाला अजमेर में स्थापित की गई थी। ✓

(4) राजस्थान में सामान्य मिट्टी प्रयोगशाला जयपुर में स्थित है।

**168. सिरोजम मिट्टी के संबंध में असत्य है।**

(1) इसका विस्तार पाली, नागौर एवं जालौर में है।

(2) इसे लेटेराइट मृदा भी कहते है। ✓

(3) यह बारानी कृषि हेतु उपयुक्त है।

(4) इसका रंग पीला-भूरा होता है।

**169. राजस्थान में ''मानसून का जुआ'' किसे कहा जाता हैं ?**

(1) उद्योग को (2) कृषि को ✓

(3) व्यापार को (4) कोई नहीं

**170. हरित क्रांति का संबंध किससे हैं ?**

(1) फसल उत्पादन से ✓ (2) वन उत्पादन से

(3) घास उत्पादन से (4) खनिज उत्पादन से

**171. बायोडीजल के लिये किस पौधे की खेती की जाती है -**

(1) ग्वार पाटा की (2) रतनजोत की ✓

(3) सोनामुखी (4) सफेद मूसली की

**172. निम्न में से जोधपुर से सम्बधित नहीं है-**

(1) आफरी (2) काजरी

(3) नाहरगढ़ जैविक उद्यान ✓ (4) इसरो का क्षेत्रीय कार्यालय

**173. निम्नलिखित में से असत्य कथन है-**

(1) वाल्मिकी द्वारा रचित रामायण में राजस्थान के संन्दर्भ में मरूकान्तर शब्द का उल्लेख है।

(2) जूनागढ़ अभिलेख में इस प्रदेश का नाम राजस्थानादित्य शब्द का उल्लेख मिलता है। ✓

(3) 1800 ई. में जार्ज थाँमस ने रायथान शब्द का प्रयोग राजस्थान प्रदेश के लिए किया था।

(4) कर्नल जेम्स टॉड ने इस भौतिक प्रदेश के बारे में राजस्थान शब्द का उल्लेख किया है।

**174. राज्य की पहली सीमेन्ट फैक्ट्री कहाँ पर स्थापित की गई थी ?**

(1) निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) (2) लाखेरी (बूंदी) ✓

(3) ब्यावर (अजमेर) (4) गोटन (नागौर)

**175. जगमन्दिर एवं जगनिवास महल किस झील में स्थित है ?**

(1) फतहसागर (2) जयसमंद

(3) पिछोला झील ✓ (4) राजसमंद

**176. माही बजाज सागर परियोजना के संबंध में असत्य कथन है।**

(1) यह राजस्थान व गुजरात की संयुक्त परियोजना है।

(2) इसमें राजस्थान की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत एवं गुजरात की हिस्सेदारी 45 प्रतिशत है। ✓

(3) यह राजस्थान का सबसे लम्बा बांध है।

(4) कागदी पिक- अप बांध एवं कडाणा बांध माही नदी पर स्थित है।

**177. राजस्थान में निम्नलिखित जिला समूहों में कौन-सा 2011 में 100 से कम जनसंख्या घनत्व रखता है ?**

(1) बीकानेर, चूरू और जालोर

(2) जैसलमेर, बीकानेर और बाड़मेर ✓

(3) जयपुर, अजमेर, अलवर और दौसा

(4) अलवर, दौसा, अजमेर और चूरू

**178. राजस्थान में सर्वाधिक जनसंख्या वाली जनजाति है ?**

(1) मीणा ✓ (2) सहरिया

(3) गरासिया (4) कंजर

**179. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक अनुसूचित जाति (SC) जनसंख्या प्रतिशत किस संभाग में है।**

(1) अजमेर (2) कोटा

(3) जयपुर (4) बीकानेर ✓

**180. न्यूनतम पुरूष साक्षरता वाला जिला है-**

(1) प्रतापगढ़ ✓ (2) जैसलमेर

(3) बाड़मेर (4) जालौर

**181. निम्न में से सही सुमेलित नहीं है -**

(1) बांसवाड़ा - सौ द्वीपों का शहर

(2) अजमेर - राजस्थान का हृदय

(3) गंगानगर - राजस्थान का अन्नागार

(4) चित्तौड़गढ़ - राजस्थान का जिब्राल्टर ✓

**182. खो-दरीबा प्रसिद्ध है -**

(1) तांबे के लिए ✓ (2) एस्बेस्टॉस के लिए

(3) फेल्सपार के लिए (4) लोहे के लिए

**183. तालछापर अभ्यारण्य प्रसिद्ध है -**

(1) कृष्ण मृग के लिए ✓ (2) मोर के लिए

(3) बाघ के लिए (4) जंगली मुर्गों के लिए

**184. राजस्थान में कौनसी फसल का उत्पादन भारत में सर्वाधिक होता है-**

(1) गेहूं (2) मूंगफली

(3) बाजरा ✓ (4) चना

**185. मिलान करें।**

| शहर | - | नदी किनारे |
|---|---|---|
| (1) नाथद्वारा | - | (i) खारी |
| (2) झालरापाटन | - | (ii) मथाई |
| (3) रणकपुर | - | (iii) कालीसिंध |
| (4) आसींद | - | (iv) बनास |

(1) I, II, III, IV (2) I, III, IV, II

(3) IV, III, II, I ✓ (4) IV, III, I, II

**186. सिद्ध मुख नोहर परियोजना किस अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के सहयोग से चल रही है-**

(1) यूरोपियन आर्थिक समुदाय ✓ (2) विश्व बैंक

(3) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (4) एशियन विकास बैंक

**187. असुमेलित युग्म है।**

(1) बरसिंगसर थर्मल पावर - बीकानेर

(2) अन्नास विद्युत परियोजना - बाँसवाड़ा

(3) अन्ता गैस परियोजना - झालावाड़✓

(4) कवई विद्युत परियोजना - बारां

**188. सुजलॉन, एयरकॉन व नाल्को का संबंध है।**

(1) पवन ऊर्जा✓ (2) थर्मल ऊर्जा

(3) सौर ऊर्जा (4) ज्वारीय ऊर्जा

**189. सौर ऊर्जा उद्यमी क्षेत्र (SEEZ) में कौनसा जिला शामिल नहीं है-**

(1) जैसलमेर (2) बाड़मेर

(3) जोधपुर (4) बीकानेर✓

**190. नीमला - राइसेला क्षेत्र किस खनिज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है-**

(1) सीसा - जस्ता (2) लौह - अयस्क✓

(3) तांबा (4) चांदी

**191. रॉक - फॉस्फेट का सर्वाधिक उत्पादक जिला है।**

(1) उदयपुर✓ (2) जोधपुर

(3) अजमेर (4) बाँसवाड़ा

**192. राजस्थान की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर है।**

(1) 21.30✓ (2) 17.80

(3) 29 (4) 19

**193. देश का प्रथम गौमूत्र बैंक कहां स्थापित है-**

(1) पथमेड़ा (जालौर)✓ (2) तबीजी (भरतपुर)

(3) चांदन (जैसलमेर) (4) चौहटन (बाड़मेर)

**194. पशु पोषाहार संस्थान कहां है-**

(1) जामडोली (जयपुर)✓ (2) कोडमदेसर (बीकानेर)

(3) पथमेड़ा (जालौर) (4) बस्सी (जयपुर)

**195. काष्ठ जीवाश्म पार्क कहां स्थित है।**

(1) आकल✓ (2) चांदन

(3) सम (4) कुलधरा

**196. निम्न में से असत्य कथन है।**

(1) सिमको वेगन फैक्ट्री भरतपुर में है।

(2) उदयपुर में भारत का सबसे बड़ा रेलवे मॉडल कक्ष है।

(3) राजस्थान की एकमात्र नैरोगेज लाईन धौलपुर में है।

(4) राजस्थान में 2 जोन एवं 1 रेलमण्डल है।✓

**197. अति आर्द्र जलवायु प्रदेश का भाग है।**

(1) बाड़मेर - जैसलमेर - बीकानेर

(2) चुरू - नागौर - जालौर

(3) अलवर - जयपुर - अजमेर

(4) झालावाड़ - प्रतापगढ़ - माउण्ट आबू✓

**198. मिट्टी का सर्वाधिक अवनालिका अपरदन किस नदी द्वारा होता है-**

(1) बनास (2) चम्बल✓

(3) लूनी (4) माही

**199. राजस्थान राज्य में सबसे कम मानसून वर्षा वाला स्थान है।**

(1) झालावाड़ (2) जोधपुर

(3) चुरू (4) जैसलमेर✓

**200. वह रक्षित गोचर या जंगल भूमि जो देवी-देवता के नाम से संरक्षित होती है।**

(1) बाब (2) आगौर

(3) खसरा (4) ओरण✓

**201. राज्य में सर्वाधिक पाया जाने वाला वन है।**

(1) साल वृक्ष (2) धोंकड़ा वन✓

(3) सालर वन (4) रोहिड़ा

**202. सिंचाई परियोजना के संबंध में असंगत है।**

(1) चाकण परियोजना - बूंदी

(2) तकली परियोजना - कोटा

(3) पीपलाद परियोजना - झालावाड़

(4) हथियादेह परियोजना - सिरोही✓

**203. भद्रावती, बरखेड़ा, अटा, भैसावट व माची के संगम पर कौनसा बांध बनाया गया है।**

(1) अजान (2) पांचना✓

(3) बीसलपुर (4) बांकली

**204. राणा प्रताप सागर परमाणु बिजली घर की स्थापना किस देश की सहायता से की गई।**

(1) अमेरिका (2) कनाड़ा✓

(3) जापान (4) रूस

**205. असुमेलित युग्म है।**

(1) चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर - हनुमानगढ़ व चुरू जिले

(2) कंवरसेन लिफ्ट नहर - बीकानेर व श्रीगंगानगर जिले

(3) जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर - जोधपुर व जैसलमेर जिले

(4) तेजाजी लिफ्ट नहर - जैसलमेर जिला✓

**206. सुमेलित कीजिए।**

| **झील** | - | **जिला** |
|---|---|---|
| **(1) कावोद** | - | **A. सीकर** |
| **(2) कोछोर** | - | **B. जैसलमेर** |
| **(3) डेगाना** | - | **C. नागौर** |
| **(4) सांभर** | - | **D. जयपुर ग्रामीण** |

**कूट :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (1) | A | B | C | D |
| (2) | D | C | B | A |
| (3) | B | A | C | D✓ |
| (4) | B | A | D | C |

**207. राजस्थान की सर्वाधिक ऊँचाई पर स्थित झील है।**

(1) सांभर (2) वुलर

(3) पचपदरा (4) नक्की✓

**208. किस झील के किनारे देश का प्रथम मरू वानस्पतिक उद्यान का निर्माण किया गया है।**

(1) कोलायत (2) कायलाना✓

(3) फॉयसागर (4) बालसमंद

**209. राज्य की सबसे बड़ी मीठे पानी की कृत्रिम झील कौनसी है।**

(1) जयसमंद✓ (2) सांभर

(3) नक्की (4) फतेहसागर

**210. राज्य की आंतरिक प्रवाह की नदी नहीं है।**

(1) कांतली (2) घग्घर

(3) काकनेय (4) बनास✓

**211. मेजा बांध किस नदी पर है।**

(1) कोठारी✓ (2) बनास

(3) पार्वती (4) मेज

**212. राज्य का सर्वाधिक वर्षा वाला भौतिक विभाग कौनसा है।**

(1) दक्षिणी पूर्वी पठारी भाग✓ (2) पूर्वी मैदानी भाग

(3) मध्यवर्ती अरावली क्षेत्र (4) उत्तरी पूर्वी भाग

**213. राज्य के किस भौतिक विभाग में राज्य का न्यूनतम जनसंख्या प्रतिशत पाया जाता है।**

(1) उत्तरी पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश

(2) मध्यवर्ती अरावली प्रदेश✓

(3) पूर्वी मैदानी प्रदेश

(4) दक्षिणी पूर्वी पठारी प्रदेश

214. राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र प्राक् ऐतिहासिक काल में किस भाग का अवशेष था।
(1) गोडवाना लैण्ड (2) अंगारा लैण्ड
(3) टेथिस सागर ✓ (4) न्यूफाउण्डलैण्ड

215. क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा भूभाग है -
(1) मध्यवर्ती अरावली प्रदेश
(2) उत्तरी पश्चिमी मरूस्थलीय भाग ✓
(3) पूर्वी मैदानी भाग
(4) दक्षिणी पूर्वी पठारी भाग

216. रूपारेल नदी किन जिलों में बहती है।
(1) अलवर व भरतपुर ✓ (2) अलवर व जयपुर
(3) भरतपुर व धौलपुर (4) धौलपुर व करौली

217. राजस्थान के किस भाग में सर्वाधिक नदियां बहती है।
(1) दक्षिण - पश्चिम राजस्थान (2) दक्षिण - पूर्वी राजस्थान ✓
(3) पश्चिम राजस्थान (4) पूर्वी राजस्थान

218. किस नदी को सर्वाधिक उत्खात स्थलाकृति के लिए जाना जाता है।
(1) चम्बल ✓ (2) लूनी
(3) सोम (4) बनास

219. किस नदी का बहाव क्षेत्र तोरावाटी कहलाता है।
(1) काकनेय (2) कांतली ✓
(3) घग्घर (4) लूनी

220. जैसलमेर का सोनू क्षेत्र किस खनिज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध हैं-
(1) लाइमस्टोन ✓ (2) सीमेंट
(3) कोयला (4) पेट्रोल

221. हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड का मुख्यालय कहाँ स्थित हैं -
(1) खेतड़ी ✓ (2) झुंझुनू
(3) नवलगढ़ (4) नागौर

222. बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस कहां स्थित हैं-
(1) पिलानी ✓ (2) खेतड़ी
(3) नवलगढ़ (4) झालावाड़

223. सालर, बांस, सेमल, प्लास, खेर, सफेद, धोंक आदि प्रमुख वृक्ष राज्य के भू-भागों पर मिलते हैं -
(1) अरावली पर्वतीय प्रदेश
(2) पूर्वी मैदानी क्षेत्र पर
(3) अरावली के दक्षिणी एवं पूर्वी भागों पर ✓
(4) पश्चिम भाग में

224. भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम किस वर्ष में लागू किया गया -
(1) 1962 ई. (2) 1970 ई.
(3) 1972 ई. ✓ (4) 1982 ई.

225. 'घना पक्षी विहार' पक्षियों का स्वर्ग माना जाता हैं, यहां का मुख्य आकर्षण पक्षी कौनसा हैं -
(1) कुरंजा (2) गोडावण
(3) साइबेरियन सारस ✓ (4) कोयल

226. पीवणा जीव किस प्रजाति का हैं -
(1) अजगर (2) मगरमच्छ
(3) घड़ियाल (4) साँप ✓

227. थॉर्नवेट के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार जैसलमेर जिले की जलवायु है -
(1) EA'd ✓ (2) DB'w
(3) DA'w (4) CA'w

228. मानसी, वाकल और सोम नदियां किस वन्य जीव अभ्यारण्य से गुजरती हैं -
(1) फुलवारी की नाल ✓ (2) कुंभलगढ़
(3) माउंट आबू (4) सज्जनगढ़

229. राज्य पक्षी गोडावण ( ग्रेट इंडियन बस्टर्ड ) निम्न में से किस स्थान पर नहीं पाये जाते हैं -
(1) राष्ट्रीय मरू उद्यान (जैसलमेर) (2) सोंकलिया (अजमेर)
(3) सोरसन (बारां) (4) भरतपुर ✓

230. निम्न में से असंगत बताइए -
(1) कुंभलगढ़ अभ्यारण्य - भेड़ियों के लिए प्रसिद्ध
(2) माउंट आबू अभ्यारण्य - जंगली मुर्गों के लिए प्रसिद्ध
(3) तालछापर अभ्यारण्य - कृष्ण मृग के लिए प्रसिद्ध
(4) दर्रा अभ्यारण्य - घड़ियालों के लिए प्रसिद्ध ✓

231. प्राचीनकाल में बीकानेर को किस नाम से जाना जाता था -
(1) ढूढ़ाँड़ (2) हाड़ौती
(3) जांगल प्रदेश ✓ (4) मत्सय प्रदेश

232. विध्वनं कगार भूमि में कौनसे जिले शामिल हैं -
(1) धौलपुर, करौली ✓ (2) कोटा, बूंदी
(3) झालावाड़, प्रतापगढ़ (4) झालावाड़, बारां

233. इंदिरा गांधी नहर परियोजना से संबंधित कौनसी शाखा बीकानेर में नहीं हैं -
(1) दातोर (2) पूगल
(3) बीरबल ✓ (4) बिरसलपुर

234. सिद्धमुख नोहर सिंचाई परियोजना का संबंध किस जिले से हैं-
(1) बाड़मेर (2) गंगानगर
(3) हनुमानगढ़ ✓ (4) जैसलमेर

235. राजस्थान में सर्वाधिक वन कौनसे पाए जाते हैं -
(1) ऊष्ण कटिबंधिय मिश्रित पतझड़ वन
(2) ऊष्ण कबिबंधिय कांटेदार वन
(3) अर्द्ध ऊष्ण कटिबंधिय धोंक वन ✓
(4) ढाक या प्लास वन

राजस्थान सामान्य ज्ञान
कला संस्कृति, भूगोल, इतिहास संपूर्ण राजस्थान जीके
सभी टॉपिक वाइज नोट्स व प्रश्नोत्तरी PDF
सभी भर्ती परीक्षाओं हेतु उपयोगी PDF
राजस्थान GK All PDF's

YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें